**खबर संक्षेप**

### खेत में काम कर रहे बुजुर्ग पर भालू का हमला, मझगवां अस्पताल में भर्ती

**सतना।** जिले के बरौंधा वन परिक्षेत्र अंतर्गत केल्हौरा गांव में एक जंगली भालू ने बुजुर्ग किसान पर हमला कर दिया। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार,केल्हौरा गांव के निवासी रामकिशोर मवासी पिता दादी मवासी, उम्र 50 वर्ष,सुबह करीब 10 बजे अपने खेत में सामान्य कामकाज कर रहे थे। अचानक जंगल से निकला एक जंगली भालू उन पर झपट पड़ा। भालू ने अपने नुकीले पंजों और दांतों से रामकिशोर के हाथ और पैर पर गहरे घाव कर दिए,जिससे वे गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। किसी तरह चीख-पुकार और संघर्ष के बाद भालू वहां से भाग गया।घायल रामकिशोर को तत्काल ग्रामीणों ने सहायता पहुंचाई और उन्हें मझगवां अस्पताल लाया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा है कि हाथ और पैर में गहरे कटे-फटे घाव हैं,जिनमें कई टांके लगाए गए हैं। इस हमले के बाद केल्हौरा और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगल के आसपास भालुओं की मौजूदगी बढ़ गई है,लेकिन इतना खतरनाक हमला पहली बार हुआ है।

### घटिया निर्माण से टूटी नई पुलिया, वार्ड नंबर 14 मैहर में हादसे का खतरा

**मैहर।** नगर के वार्ड नंबर 14में हाल ही में निर्मित पुलिया घटिया निर्माण के कारण टूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह पुलिया कुछ ही दिन पहले बनाई गई थी,लेकिन एक छोटे से थ्री-व्हीलर के चढ़ते ही पुलिया ध्वस्त हो गई। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया का निर्माण ठेकेदार द्वारा लापरवाही से कराया गया,जिसमें गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया। निर्माण सामग्री भी मानक के अनुरूप नहीं होने की बात सामने आ रही है। इसके चलते पुलिया इतनी कमजोर बनी कि सामान्य भार सहन नहीं कर सकी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पुलिया टूटने से आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भीषण सड़क हादसा: सिंहपुर में दो मासूमों की मौत









**सतना।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रफ्तार का कहर देखने को मिला,जिसमें मासूम बच्चों की मौत से लेकर भीषण सड़क हादसे और संदिग्ध अवस्था में शव मिलने जैसी खबरें शामिल हैं। सिंहपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी खेरा-सतना मार्ग पर एक तेज रफ्तार फोर-व्हीलर ने दो मासूम बालिकाओं (उम्र 12 और 9 वर्ष) को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दोनों बच्चियों की जान चली गई। पुलिस ने टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी कार की पहचान कर ली है।

### मैहर: वाहन के हुए दो टुकड़े, वृद्ध महिला का शव मिला

पिपरहट बस स्टैंड: अल्ट्राटेक माइंस के सामने एक अनियंत्रित वाहन पलट गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन दो हिस्सों में बंट गया।मैहर के ही एचडीएफसी बैंक के पास एक वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी है।भदनपुर घाटी में दोपहर में दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हुई। हादसे में दोनों ड्राइवर घायल हुए हैं। घटना के बाद घाटी में लंबा जाम लग गया था,जिसे बदेरा और मैहर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। एन एच-30 भटिया मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मारी। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मझगवां झरी में सड़क हादसे में दो युवक (सुमित और अनिल मवासी) घायल हुए। एक का पैर टूटा है और दूसरे के हाथ में चोट आई है,दोनों को सतना रेफर किया गया है।

### आर्मी सिपाही घायल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खामा खुजा (पुराने बैरियर) के पास एक कार ने मोटरसाइकिल सवार आर्मी के सिपाही को टक्कर मार दी,जिससे वह घायल हो गया।

# हर्ष फायरिंग में मासूम को लगी गोली, हालत नाजुक

### राइफल री-लोड करते वक्त हादसा, जबलपुर रेफर



**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में 9 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मैहर बाईपास स्थित रिया मैरिज गार्डन के पास हुई। आरोपी बाराती 12 बोर की राइफल से फायर कर रहा था,तभी री-लोडिंग के दौरान गोली चल गई और बच्चे के पेट में जा लगी। बच्चे की हालत नाजुक है और उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 12 बजे की है। यादव परिवार की बारात विवाह स्थल की ओर जा रही थी। इसी दौरान बाराती पक्ष के सनत नामक व्यक्ति ने 12 बोर की राइफल से हर्ष फायरिंग की। फायर करने के बाद जब वह बंदूक दोबारा लोड कर रहा था,तभी अचानक गोली चल गई। गोली पहले सड़क से टकराई और फिर पास खड़े लड़की पक्ष के 9 वर्षीय बच्चे शुभम पाल के पेट में जा लगी। घायल शुभम को तुरंत सतना जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है, लेकिन हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राम तपोभूमि में अवैध उत्खनन पर भारी हंगामा: जिला पंचायत सदस्य और खनिज अधिकारी के बीच तीखी नोकझोंक



**सतना।** जिले की पवित्र राम तपोभूमि और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर सियासत गरमा गई है। हाल ही में जिला पंचायत सदस्य रितेश त्रिपाठी और खनिज अधिकारी दीपमाला के बीच इस मुद्दे पर जबरदस्त बहस और तीखी नोकझोंक देखने को मिली। रितेश त्रिपाठी ने खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीरसवाल उठाते हुए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर सीधे आरोप जड़े हैं।

### मिलीभगत और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

रितेश त्रिपाठी ने खनिज अधिकारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सिद्धा, लेडरा, कैमरी और चितगढ़ जैसे क्षेत्रों में विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन फल-फूल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से गोदावरी माइंस का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि विभाग इस माइंस पर अपनी 'विशेष दया दृष्टि' बनाए हुए है और नियमों की अनदेखी की जा रही है।

### प्रतिनिधिमंडल ने घेरा विभाग

इस दौरान रितेश त्रिपाठी के साथ कांग्रेस का एक सशक्त प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। इसमें वरिष्ठ नेत्री उर्मिला त्रिपाठी,पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बी.एल. यादव 'निराला', जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव और इंटक अध्यक्ष सुनील गुप्ता शामिल थे। सभी नेताओं ने एक स्वर में जिले की प्राकृतिक संपदा के दोहन पर नाराजगी व्यक्त की और खनिज विभाग की चुप्पी पर सवाल उठाए।

### प्रशासन का आश्वासन

भारी दबाव और तीखी बहस के बाद,खनिज अधिकारी दीपमाला ने नरम रुख अपनाते हुए स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया जाएगा। अधिकारी ने मौके पर ही विशेष टीम गठित कर जाँच करवाने का आश्वासन दिया है,ताकि अवैध उत्खनन वाले स्थलों की वास्तविकता सामने आ सके। अब देखना यह होगा कि विभाग द्वारा दी गई जाँच की समयसीमा में क्या ठोस कार्रवाई होती है या फिर यह केवल एक आश्वासन बनकर रह जाता है। इस संदर्भ में खनिज अधिकारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# मैहर में प्रतिबंध के बाद भी मंदिर में बंदूक लेकर गए राजा भैया



### विधायक की बंदूक पर पुजारी ने बांधी चुनरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**सतना।** मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में उत्तर प्रदेश के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने प्रतिबंधित होने के बावजूद शस्त्र पूजा की। यह घटना 6 फरवरी की है,जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आया। इस घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।मंदिर प्रबंध समिति ने जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र ले जाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसकी सूचना मंदिर के प्रवेश द्वार पर भी अंकित है। इसके बावजूद,जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया अपने समर्थकों के साथ शस्त्र लेकर न केवल मंदिर परिसर तक पहुंचे, बल्कि गर्भगृह में भी प्रवेश किया। गर्भगृह में उन्होंने मां शारदा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपने साथ लाई हुई रायफल पुजारी नितिन महाराज को दी,जिस पर पुजारी ने चुनरी बांधी और फूलों की माला चढ़ाकर पूजा करवाई। मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश भी प्रतिबंधित है,लेकिन राजा भैया को वहां प्रवेश की अनुमति कैसे मिली,इस पर सभी ने चुप्पी साध रखी है।आश्चर्यजनक रूप से,इस पूरी प्रक्रिया के दौरान न तो मंदिर के पुजारी ने उन्हें शस्त्र पूजा करने से रोका और न ही वहां मौजूद पुलिस बल ने कोई हस्तक्षेप किया। यह स्थिति मंदिर की सुरक्षा और नियमों के प्रवर्तन पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। पुजारी सीढ़ियों तक छोड़ने भी गए राजा भैया के समर्थकों ने सोमवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया,जिसमें उन्हें गर्भगृह में बैठकर पूजा करते देखा जा सकता है। वीडियो में पुजारी भी उन्हें मंदिर की सीढ़ियों तक छोड़ने आते नजर आ रहे हैं। वीडियो के सामने आने के बाद ही यह मामला प्रकाश में आया।



# कानून से ऊपर कोई नहीं जनता की सुरक्षा सर्वोपरि :एसपी

### कानून-व्यवस्था और जन-सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश सिंह ने जिले की कानून-व्यवस्था,आम नागरिकों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर कहा कि वर्तमान में मैहर जिले की कानून-व्यवस्था संतुलित और नियंत्रण में है। पुलिस द्वारा निरंतर गश्त,संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते स्थिति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अपराध को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है एसपी ने कहा कि जन-सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं,बच्चों,बुजुर्गों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शिकायतों पर त्वरित संज्ञान और मौके पर तुरंत पुलिस पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।अपराध नियंत्रण की रणनीति पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई,निगरानी बदमाशों पर नजर,नशे के कारोबार पर प्रहार और अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस काम कर रही है। आने वाले समय में थाना स्तर पर और अधिक प्रभावी अभियान चलाए जाएंगे। मैहर जिले की जनता को संदेश देते हुए एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि नागरिक निर्भीक होकर सूचना साझा करें,तो अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जिले में नशा और अपराध कम करने को लेकर एसपी ने विशेष अपील करते हुए कहा कि नशा सामाजिक बुराई है,इससे युवा पीढ़ी बर्बाद होती है। उन्होंने अभिभावकों,सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे नशे के खिलाफ जागरूक बनें,बच्चों पर नजर रखें और नशे के कारोबार से जुड़ी सूचना पुलिस को दें। पुलिस ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करेगी।

# आरपीएल क्रिकेट: ऑपरेटिंग और उचेहरा और मैहर एकादश की धमाकेदार जीत

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में आज खेले गए मुकाबलों में ऑपरेटिंग और उचेहरा और मैहर एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए। पहला मैच ऑपरेटिंग बनाम रीवा वॉरियर्स के बीच खेला गया। पहला मुकाबला ऑपरेटिंग और रीवा वॉरियर्स के बीच खेला गया। रीवा वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जो उनके लिए भारी पड़ा। पूरी टीम 15 ओवरों में मात्र 64 रनों पर सिमट गई। निखिल (23 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

ऑपरेटिंग की ओर से राहुल आनंद और अमित सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके। विनय पटेल,उत्तम और पुष्प दत्त को 1-1 विकेट मिला। ऑपरेटिंग ने विपुल के 28 रनों की मदद से 12वें ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच: शानदार गेंदबाजी के लिए राहुल आनंद को चुना गया।







### दूसरा मैच: उचेहरा और मैहर एकादश बनाम सतना 11 पीवे

दूसरे मैच में उचेहरा और मैहर एकादश के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने एकतरफा खेल दिखाया। उचेहरा और मैहर एकादश: पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 15 ओवरों में 7 विकेट पर 185 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अजीत ने धुआंधार 64 रन बनाए,जबकि प्रिंस (33),मनीष (29) और अखंड प्रताप (27) ने उपयोगी पारियां खेलीं। सतना 11 पीवे: लक्ष्य का पीछा करने उतरी सतना की टीम महज 12 ओवरों में 35 रनों पर ढेर हो गई। टीम का कोई भी खिलाड़ी दहाई के अंक तक नहीं पहुँच पाया।उचेहरा की ओर से अमित कुमार ने 5 विकेट लेकर कमर तोड़ दी,वहीं कप्तान वरुण शुक्ला ने 3 विकेट लिए। उचेहरा और मैहर एकादश ने यह मैच 150 रनों के भारी अंतर से जीता। मैन ऑफ द मैच 5 विकेट लेने वाले अमित कुमार को दिया गया।

# दिवंगत लक्ष्मी प्रसाद करोसिया को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि





**सतना।** जिला जनसंपर्क कार्यालय सतना में पदस्थ सहायक ग्रेड-2लक्ष्मी प्रसाद करोसिया के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों एवं पत्रकारों ने दिवंगत श्री करोसिया के छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। श्री करोसिया का शनिवार की रात्रि लगभग 9 बजे बिरला अस्पताल सतना में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुखद समाचार से उनके परिजनों सहित जिला जनसंपर्क कार्यालय परिवार,स्थानीय पत्रकारों एवं कर्मचारियों में शोक की लहर व्याप्त है। श्री करोसिया के सरल स्वभाव,कर्तव्यनिष्ठा एवं सहयोगी व्यवहार को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।प्रभारी उप संचालक रीवा उमेश तिवारी ने कहा कि श्री करोसिया का असामयिक निधन कार्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को परम शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें। श्रद्धांजलि सभा में संभागीय कार्यालय रीवा से प्रभारी उप संचालक उमेश तिवारी,जनसंपर्क अधिकारी रीवा डॉ.शिवप्रसन्न शुक्ल,सतना राजेश सिंह,वरिष्ठ पत्रकार संजय पयासी,जिया अहमद राज,सामाजिक न्याय विभाग से केके शुक्ला सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शाला नन्ही पवई में बच्चों को दी गई फाइलेरिया की दवा



**पवई।** प्रदेश में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया हाथी पांव उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत दो वर्ष के ऊपर के सभी नागरिकों को एक बार डीईसी और एल्बेंडा जोल की दवा मुफ्त में खिलाई जा रही है, जिससे इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। भारत में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य 2027 तक फाइलेरिया हाथी पांव को जड़ से समाप्त करना है। इसी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पवई नगर के शासकीय माध्यमिक शाला नन्ही पवई में मोहिनी आनंद मिश्रा जनपद अध्यक्ष पवई की उपस्थिति में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। इस अवसर पर डीएमओ सहित खंड है स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे इस अभियान के तहत प्रत्येक स्कूल और कॉलेजों में आशा कार्यकर्ता के द्वारा फाइलेरिया की दवाई वितरित की जा रही है।

### सफर इंटरनेट डे-पर एक दिवसीय कार्यशाला शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में आयोजित



**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक पन्ना के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला कलेक्टर पन्ना तथा संचालनालय तकनीकी शिक्षा भोपाल के द्वारा प्रदाय निर्देश के परिपालन में जिला सूचना कार्यालय एनआईसी पन्ना के समन्वय से सफर इंटरनेट डे- पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 10 फरवरी 2026 को साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग विषय पर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है तथा साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में एनआईसी पन्ना से पधारे शिवम तथा अन्य विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रश्न पूछे तथा व्यावहारिक सुझाव प्राप्त किए। अंत में प्रतिभागियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की शपथ दिलाई गई और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर संस्था के उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव, वरि. व्या(सीएसई), श्रीमती वर्षा प्रजापति, व्या(सीएसई), राकेश द्विवेदी तथा अतिथि व्याख्याता हरगोविंद कुर्मी, कौशल कुमार कोरी, अमित ताम्रकार, सुभाष पांडे, सुरेन्द्र कुशवाहा, श्रीमती शायना परबीन, श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्रीमती पूजा खरे, श्रीमती नीलोफर जहाँ सुश्री यशवरी अहिरवार, श्रीमती सोनू गौंड, शिवम चौबे तथा सुनील सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के श्री अंशुमान रैले द्वारा किया गया।

## नगर के दो केंद्रों में शामिल हुए 252विद्यार्थी

# पवई में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई बारहवीं की परीक्षा

### विकासखंड अंतर्गत बनाए गए आठ केंद्र में शामिल हुए 1373 विद्यार्थी,12 रहे अनुपस्थित

**पवई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा प्रदेश में 10 फरवरी से हायर सेकेंडरी 12 वीं की परीक्षा की शुरुआत हुई है। मंगलवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। पवई नगर के दो केंद्रों सहित जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत बनाए गए आठ केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। पवई नगर में इस बार शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आदर्श बुंदेलखंड विद्यापीठ विद्यालय दो केंद्र बनाए गए हैं ,जहां कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दर्ज 62 विद्यार्थियों में से सभी ने उपस्थित होकर परीक्षा दी,तो वही बुंदेलखंड विद्यापीठ में दर्ज 190 विद्यार्थियों में सभी ने उपस्थित होकर अंग्रेजी विषय का पेपर दिया। विकासखंड




अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमरिया में दर्ज 386 में 379, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन्द्रा में दर्ज 158,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर में 140 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णगढ़ में दर्ज 225 में 222 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्दा में 68 में 66,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवानी कला में 156 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सभी आठ केंद्रों के 1385 में से 1373 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं 12 अनुपस्थित रहे। इस दौरान विकास खंड स्तरीय निरीक्षण दल के द्वारा जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी हुकम सिंह यादव, बी आर सी राजेश पटेल, श्रीमती संध्या पटेल,बीएसी रघुवीर तिवारी,राघवेंद्र सिंह ने तीन परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या,बुंदेलखंड एवं कुंवरपुर का निरीक्षण किया जहां परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न पाई गई।कंट्रोल रूम प्रभारी विजय कुमार गौतम, सुमन सेन और देवेश सिंह को नियुक्त किया गया है।

## देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जुएं के फड़ पर दबिश 11 जुआरियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही




**पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर दिनांक 09-10 की दरम्यानी रात्रि को पन्नादृसतना बॉर्डर क्षेत्र में स्थान बदल-बदलकर जुआ खेलने एवं जुए का फड़ संचालित करने वाले जुआरियों के विरुद्ध देवेंद्रनगर थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।**

इसी तारतम्य में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरी. संतोष सिंह यादव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थान बदलकर जुए का फड़ संचालित कर रहे हैं, जहाँ बाहर के जिलों से भी लोग आकर जुआ खेलते हैं। मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में देवेंद्रनगर थाना पुलिस की एक टीम गठित कर एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व मे पन्ना-सतना बॉर्डर स्थित ग्राम गिरवार के पास जंगल क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके पर कुछ लोग रात्रि के अंधेरे में प्रकाश की




व्यवस्था कर ताश के पत्तों से जुआ खेलते पाए गए, जिन्हें मौके से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा मौके से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एक बलेनो कार एवं एक बोलेरो कार 12 मोबाइल फोन सहित 27,000 नगदी एवं 52 पत्तो की ताश की गड्डी जप्त की गई। कुल लगभग 15 लाख की संपत्ति जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेन्द्रनगर मे संबंधित धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### नाम पता आरोपी-

1. नरेन्द्र वर्मा पिता कंछेदी वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी गिरवारा, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना, 2. भंडारी कुशवाहा पिता जमुना प्रसाद कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी गिरवारा, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना, 3. बलवान सिंह बुंदेला पिता स्व. स्वरूप सिंह बुंदेला उम्र 63 वर्ष निवासी खगई, थाना जसो, जिला सतना, 4. पुष्पेन्द्र कुशवाहा पिता गया प्रसाद कुशवाहा उम्र 19 वर्ष निवासी आदर्श नगर घुरडांग, थाना कोलगवां, जिला सतना, 5. ज्ञानेंद्र सिंह दीक्षित पिता नवल सिंह दीक्षित उम्र 27 वर्ष निवासी आदर्श नगर घुरडांग, थाना कोलगवां, जिला सतना, 6. दीपेन्द्र द्विवेदी पिता लालबहादुर द्विवेदी उम्र 25 वर्ष निवासी बिड़ला कंपनी के पीछे, घुरडांग, थाना कोलगवां, जिला सतना, 7. राजू कुशवाहा पिता हजारीलाल कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी बेनीसागर मोहल्ला, आशीष लाज के पास, जिला पन्ना, 8. रामकिशोर मिश्रा पिता मोहन मिश्रा उम्र 56 वर्ष निवासी पुराना पावरहाउस के पास, बेनीसागर मोहल्ला, जिला पन्ना, 9. राकेश सिंह बैस पिता रामकिशुन सिंह उम्र 44 वर्ष निवासी महोड़, थाना सिमरिया, जिला पन्ना, 10. राजवेन्द्र लोध पिता गणेश लोध उम्र 38 वर्ष निवासी करिया, थाना सिमरिया, जिला पन्ना, 11. सतेन्द्र राजपूत पिता गोपाल राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कचनारी, थाना गैसाबाद, जिला दमोह

### सहानीय योगदान-

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर संतोष यादव, प्र.आर. लक्ष्मी यादव, सत्येंद्र बागरी, वीर नारायण सिंह, अशोक बागरी, शंकर बुंदेला, आर, बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी, दिनेश सोलंकी, मृगेंद्र तिवारी भूरी सिंह, आर. चालक पुष्पेंद्र जाट एवं सैनिक रामनारायण सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अजयगढ़ में राष्ट्रीय फायलरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ

**अजयगढ़।** राष्ट्रीय फायलरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 10 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अजयगढ़ में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका अजयगढ़ रहीं। कार्यक्रम में निवेदक के रूप में डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला पन्ना (म.प्र.) उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पहले लंच पैकेट प्रदान कर भोजन कराया गया, तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग का आह्वान किया। डाक्टर हिमांशु जयसवार उप संचालक (स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल) ने सभी को दवा सेवन करने हेतू तथा अपने परिवार को दवा सेवन कराने हेतू कहा. उन्होंने बताया कि पन्ना जिले मे बहुत मेहनत करने के बाद अभी तीन ब्लॉक से फायलेरिया ख़त्म हो गया है अब हम सभी को मिलकर पूरे पन्ना जिले से इसे समाप्त करना है. कार्यक्रम का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से समाज को मुक्त करना एवं जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। मुख्य संदेश - फाइलेरिया रोधी दवाएं (डीईसी $





एल्बेंडाजोल) पूरी तरह सुरक्षित और निरूशुल्क हैं। 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोग (गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) इसे अवश्य लें। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, पार्षद नारायणदास रजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष सेलेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि शिवपूजन और मोहम्मद आजाद कादरी, सीएमएचओ डॉ0 राजेश प्रसाद तिवारी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ हिमांषु जैसवाल, बीएमओ शोभराम शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह, जिला टीकाकरण प्रभारी प्रवीण दुवेदी, डॉक्टर आशीष शर्मा, डॉक्टर ऋतु प्रजापति, मलेरिया इंस्पेक्टर बलदाऊ प्रसाद, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य अरबिंद कुजूर ने भी कार्यक्रम को समर्थन दिया। समाजसेवी बीरेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, स्वास्थ्य कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। संचालन बेहद प्रभावी ढंग से किया गया बीईई फूलचंद अहिरवार, अमित खरे, मोहम्मद फिरोज, आदिल खान, बीरेंद्र चौधरी, प्रोफेसर दिनेश यादव, हेमंत भारद्वाज क्डब च्ब्, अमित जी सहित राजेंद्र लोधी रमेश प्रजापति मछला रानी यादव, प्रभाकर जी, रमेश कुशवाहा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

## यूजीसी कानून के खिलाफ में अजयगढ़ में सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** अजयगढ़ में यूजीसी जैसे काले कानून के खिलाफ लोगों ने अपना आक्रोश जताते हुए कानून को रद्द किए जाने की मांग का राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अजयगढ़ को दिया गया। इसके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी तथा प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी से मांग की गई की यूजीसी जैसे काले कानून से विश्वविद्यालय और कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा भविष्य में परेशानी का सामना करेंगे क्योंकि जिस तरह इस कानून के अंतर्गत सामान्य वर्ग को ही अपराधी मान लिया गया है वह एक विभाजनकारी बातें हैं जो छात्रों के हित में नहीं है विश्वविद्यालय में राजनीति नहीं होनी चाहिए कानून ऐसा बनना चाहिए जिससे किसी भी वर्ग के साथ अन्याय ना हो और ना ही कोई किसी छात्र को अपमानित कर पाए जो कोई भी किसी के साथ भेदभाव करें जातिगत रूप से अपमानित करें उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन में स्वतंत्रता संग्राम की वीडियो उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक स्वर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष उमाकांत द्विवेदी ब्राह्मण एकता परिषद की जिला अध्यक्ष पूर्व सरपंच दादूराम ठाकुर मलखान सिंह सुरेंद्र सिंह दीपक मिश्रा मोहित मिश्रा कमलेश द्विवेदी भोला प्रसाद गौतम सुरेंद्र सिंह शंकर सिंह बुंदेला बब्बू राजा बुंदेला पुष्पेंद्र द्विवेदी राजा तिवारी कुंज बिहारी द्विवेदी रविंद्र मिश्रा प्रमोद पांडे प्रशांत मिश्रा श्री राम रिछारिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश तिवारी ओमप्रकाश अजय बाजपेई बृजेश द्विवेदी राजीव तिवारी जिला अध्यक्ष ब्राह्मण एकता परिषद रामस्वरूप पांडे सुरेश कुमार मिश्रा सहित अजयगढ़ क्षेत्र के तथा पन्ना के कई प्रतिष्ठित वकील एवं सामाजिक संगठनों की प्रतिदिन शामिल रहे और सभी ने एकजुट होकर के काले कानून के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की स्वर्ण आदमी के जिला अध्यक्ष उमाकांत द्विवेदी ने आगे भी काले कानून को रद्द किए जाने की मांग को लेकर के लगातार आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद की अध्यक्ष श्री राम पाठक ने कहा की वर्तमान में देश को जोड़ने की जरूरत है तोड़ने की नहीं और यूजीसी जैसे काले कानून समाज को तोड़ने का काम करेंगे छात्रों के बीच में विभाजनकारी भावना पैदा करने का काम करेंगे इसलिए ऐसे कानून की देश में जरूरत है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों देश के लिए अपना बलिदान दिया था देश को जोड़ने के लिए अपना बलिदान दिया था लेकिन आज समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रवासी पक्षी की मौजूदगी वन परिक्षेत्र के लिए शुभ संकेत

## कम ऑक्सीजन में भी लंबी दूरी तय करने की अद्भुत क्षमता

### दुनिया के सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले पक्षियों में शामिल

**वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कैमरे में कैद की तस्वीर**

**पवई।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल इन दिनों प्रवासी पक्षियों के लिए एक अनुकूल क्षेत्र बना हुआ है, जहां हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर प्रवासी पक्षी यहां के जलाशयों,तालाबों बांधों के पास आर्द्र एवं शुष्क स्थान पर देखे जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल के द्वारा दुर्लभ प्रजाति के आठ प्रवासी पक्षियों की तस्वीर को एक ही फ्रेम में कैद किया था। एक बार फिर पवई रेंज के सुनेही बीट में वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल द्वारा बार-हेडेड गूज (ठंत-ीमंकमक ळववेम) का अवलोकन एवं फोटोग्राफी की गई। इस पक्षी की उपस्थिति क्षेत्र की आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिक महत्ता को



दर्शाती है और यह संकेत देती है कि यहां का प्राकृतिक आवास प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल बना हुआ है। वन विभाग द्वारा इस तरह के दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण एवं निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बार-हेडेड गूज विश्व के सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिनी जाती है, जो मध्य एशिया और तिब्बत क्षेत्र से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर भारत की आर्द्रभूमियों तक पहुंचती है। यह पक्षी हिमालय के ऊपर अत्यधिक ऊंचाई पर कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी उड़ान भरने की अद्भुत क्षमता रखता है। इसकी मौजूदगी न केवल जैवविविधता की समृद्धि को दर्शाती है, बल्कि जलाशयों की स्वच्छता और सुरक्षित आवास की स्थिति का भी सकारात्मक संकेत मानी जाती है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पक्षी मुख्यतः अक्टूबर से फरवरी माह के बीच अत्यधिक संख्या में प्रवास पर आते हैं यह समय

### नगर परिषद की पेयजल सप्लाई पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के गंभीर आरोप, वीडियो वायरल

**पवई** - नगर परिषद पवई की पेयजल व्यवस्था को लेकर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जमुना प्रसाद खटीक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में खटीक ने नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां अधिकारी स्वयं आरओ का शुद्ध पानी पीते हैं, वहीं आम जनता को नदी का दूषित और बदबूदार पानी पिलाया जा रहा है। वीडियो में खटीक यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि नगर की पुरानी पेयजल सप्लाई पिछले दो दिनों से बंद कर दी गई है। इसके स्थान पर फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन उसमें नदी का गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी आ रहा है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नगर परिषद से तत्काल सुधार की मांग की है। बताया जा रहा है कि पेयजल की गुणवत्ता को लेकर नगरवासियों में पहले से ही असंतोष है, और अब यह वीडियो सामने आने के बाद मामला और गरमा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## खोरा ने जीता श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का शीतकालीन सीजन

**पन्ना।** अजमगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत धरमपुर अंतर्गत ग्राम कुंडरा में आयोजित श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (शीतकालीन सीजन-फर्स्ट) का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ 28 जनवरी 2026 को हुआ था, जिसमें बांदा, पन्ना एवं सतना जिलों की कुल 16 पंचायत स्तरीय टीमों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दिनांक 8 फरवरी 2026, रविवार को कुंवारा ग्राम स्थित ताल कटोरा क्रिकेट ग्राउंड में खोरा बनाम धरमपुर कुंडरा के बीच खेला गया। मुकाबले में धरमपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 48 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खोरा टीम ने अच्छी शुरुआत की, हालांकि धरमपुर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। बावजूद



इसके खोरा टीम ने संयम और सूझबूझ से खेलते हुए लक्ष्य हासिल किया और फाइनल मुकाबला जीतकर श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में शानदार गेंदबाजी के लिए खोरा टीम के उपेंद्र सिंह लोधी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बब्बू सिंह लोधी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन - पप्पू पांडे बेस्ट बॉलर दृ उपेंद्र सिंह लोधी विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस फाइनल मुकाबले में विशिष्ट अतिथि के रूप में धरमपुर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आदरणीय दिनेश कुमार भुर्जी जी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में धरमपुर क्षेत्र के लोकप्रिय नेता एवं किरतपुर सरपंच प्रतिनिधि आदरणीय रामबाबू गौतम जी मौजूद रहे। साथ ही ग्राम पंचायत खोरा के सरपंच आदरणीय शुभकांत सिंह लोधी, किरतपुर के पूर्व जनपद सदस्य आदरणीय फूलचंद सिंह लोधी, एवं भारतीय जनता पार्टी धरमपुर मंडल के मंडल उपाध्यक्ष आदरणीय राकेश साहू जी की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। फाइनल मैच को देखने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी और ग्रामवासी मैदान में मौजूद रहे। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर पूरे आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य कमेंटेटर के रूप में राजेश कुमार लोधी ने अपनी जोशीली और सटीक कमेंट्री से मैच को और भी रोमांचक बना दिया। मैच समाप्ति के बाद आयोजन समिति कुंडरा द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को निर्धारित नगद पुरस्कार, शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।मंच संचालन का कार्य भी राजेश कुमार लोधी (एलआईसी सलाहकार, खोरा) ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निभाया। इस सफल आयोजन के लिए कुंडरा ग्राम के वीरेंद्र सिंह लोधी, पप्पू पांडे एवं उनकी पूरी आयोजन समिति ने सराहनीय भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने ग्रामीण क्षेत्र की क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया, जिसकी क्षेत्र में भरपूर प्रशंसा हो रही है।

# कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई

छतरपुर।

**मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का मंगलवार से विधिवत शुभारंभ हो गया है।**

जिले भर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच प्रथम प्रश्न पत्र अंग्रेजी विषय का आयोजित किया गया। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले छात्रों के खिले हुए चेहरे इस बात की गवाही दे रहे थे कि बोर्ड परीक्षा का पहला अनुभव उनके लिए काफी सुखद रहा।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रों पर प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन चैकिंग की गई ताकि नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की जा सके। सुबह की पाली में आयोजित अंग्रेजी के पेपर को लेकर छात्र-छात्राओं में जो घबराहट थी, वह प्रश्न पत्र हाथ में आते ही उत्साह में बदल गई। परीक्षा देकर बाहर निकली छात्रा मोहनी विश्वकर्मा और सान्या सोनी ने बताया कि पेपर उम्मीद से काफी आसान आया था और समय रहते सभी प्रश्न हल कर लिए गए। वहीं छात्र प्रथम दुबे और ध्रुव सिंह ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सिलेबस के भीतर से ही प्रश्न पूछे गए थे, जिससे पेपर हल करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। प्रियंका अहिरवार सहित अन्य परीक्षार्थियों का मानना है कि पहले पेपर के अच्छे जाने से अब आगामी परीक्षाओं के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले में प्रथम दिन की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और कहीं से भी किसी अप्रिय स्थिति या नकल के प्रकरण की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।



## खबर संक्षेप



### गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बस ने युवक को कुचला, उपचार के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया

छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमदेव मंदिर के पास बीती शाम दर्दनाक सड़क हादसे में एक 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि तेज रफ्तार बस ने गलत दिशा से आकर बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मारी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान हरिश्चंद्र राय पुत्र मोहन राय निवासी ग्राम पिपट के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि हरिश्चंद्र छतरपुर के पास स्थित एक गांव में मजदूरों के पैसे देने गया था। शाम करीब 7 बजे जब वह अपना काम निपटाकर वापस अपने गांव पिपट लौट रहा था, तभी मातगुवां के पास बरमदेव मंदिर के समीप सामने से गलत दिशा में आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के तुरंत बाद राहगीरों ने इसकी सूचना मातगुवां थाना पुलिस को दी। पुलिस ने डायल 112 की मदद से लहूलुहान अवस्था में युवक को तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नीरज सोनी ने परीक्षण के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी हाउस में रखवा दिया गया है। वहां पुलिस ने बस की तलाश के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### जिला अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की पिटाई, वीडियो हुआ वायरल



छतरपुर। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें अस्पताल परिसर के भीतर गार्ड के साथ की गई मारपीट साफ देखी जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से तैनात सुरक्षा गार्ड सुरेंद्र कुमार कुशवाहा अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक मरीज का परिजन अस्पताल परिसर में वाहन खड़ा कर रहा था। गार्ड द्वारा मना करने पर परिजन नहीं माना और विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि वाहन हटाने को लेकर कहासुनी के बाद मरीज के परिजन ने गार्ड के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो कि अब वायरल हो रहा है। मारपीट में घायल हुए सुरक्षा गार्ड सुरेंद्र कुशवाहा को इलाज के लिए जिला अस्पताल के ड्रामा वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। गार्ड का कहना है कि हमलावर महाराजपुर निवासी देवेंद्र चौरसिया है। घटना के बाद सुरक्षा गार्ड ने सिटी कोतवाली थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई है

## छतरपुर जिला अस्पताल के सर्जन को मिला एलएम पंत पुरस्कार

**अकेले किए 4500 एलटीटी ऑपरेशन, सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान**



छतरपुर।

जिला अस्पताल में पदस्थ और अपनी कार्यकुशलता के लिए पहचाने जाने वाले बहुचर्चित सर्जन डॉ. मनोज चौधरी ने एक बार फिर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सर्जरी के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए विशिष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें इंदौर में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में प्रतिष्ठित एलएम पंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष सर्जरी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में छतरपुर जिले को कुल 10 हजार एलटीटी (लैप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टमी) ऑपरेशन करने का लक्ष्य दिया गया था। जिले में अब तक करीब 8 हजार ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जिसमें सबसे खास और चौंकाने वाली बात यह है कि अकेले डॉ. मनोज चौधरी ने ही 4500 सफल ऑपरेशन किए हैं। इन ऑपरेशनों में 8 पुरुष नसबंदी के केस भी शामिल हैं, जो परिवार नियोजन के प्रति बढ़ती जागरूकता और डॉक्टर की विशेषज्ञता को दर्शाते हैं।

बीते दिनों इंदौर में द एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के स्टेट चैप्टर द्वारा आयोजित 43वें वार्षिक सम्मेलन में डॉ. चौधरी को इस सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में स्टेट चेयरमैन डॉ. महिम, डॉ. सीपी कोठारी, डॉ. दिलीप और डॉ. राकेश शिवहरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. मनोज चौधरी की इस उपलब्धि पर जिला अस्पताल प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पंचायत सचिव और वकील की मिलीभगत से रची गई साजिश

# मृत व्यक्ति के नाम पर बनाया फर्जी वसीयतनामा

छतरपुर।



ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा से जमीन हड़पने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां के एक रसूखदार व्यक्ति पर मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर से वसीयतनामा तैयार कराकर गरीब किसान की पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगे हैं। इस जालसाजी में सरकारी तंत्र और कानूनी जानकारों की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित किसान लखनलाल ने आरोप लगाया है कि उनके पिता प्रभु सुल्लेरे की मृत्यु के पश्चात उनकी संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने के लिए एक फर्जी वसीयतनामा तैयार किया गया। पीड़ित का कहना है कि कुर्रा सरपंच के ससुर योगेंद्र सिंह उर्फ नाती राजा ने पंचायत सचिव और एक वकील की सांठगांठ से पिता के जाली हस्ताक्षर किए गए और इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तहसील न्यायालय में नामांतरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। किसान के मुताबिक, उसे इस धोखाधड़ी की भनक तब लगी जब उसकी जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिशें तेज हुईं। लखनलाल के मुताबिक योगेन्द्र सिंह के प्रभाव के कारण स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। लखनलाल ने न्याय की उम्मीद में पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और आईजी को शिकायती आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे जिला कोषालय अधिकारी

# अधिकारियों ने हटवाई गाड़ी पर लगी लाल-नीली बत्ती



छतरपुर।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में सरकारी नियमों को ताक पर रखकर रसूख दिखाने का एक ताजा मामला सामने आया है। यहाँ पदस्थ जिला कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव अपनी गाड़ी में नियमों के विरुद्ध लाल और नीली बत्ती लगाकर शहर में घूम रहे थे, जो सीधे तौर पर शासन के आदेशों की अवहेलना है। हालांकि जैसे ही यह मामला सामने आया वैसे ही एसडीएम, तहसीलदार और आरटीओ के कर्मचारियों ने तुरंत कार के ऊपर लगी लाल-नीली बत्ती को हटवा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विनोद श्रीवास्तव की गाड़ी पर लगी यह बत्ती इन दिनों सोशल मीडिया और सार्वजनिक स्थानों पर चर्चा का केंद्र बनी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अधिकारी इस बत्ती के जरिए अपना रौब झाड़ते नजर आते हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी अपने वाहनों से आते हैं, लेकिन किसी भी अन्य अधिकारी के वाहन पर ऐसी बत्ती नहीं लगी है। ऐसे में जिला कोषालय अधिकारी द्वारा बत्ती का उपयोग करना अन्य अधिकारियों और आम जन के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार ने वीआईपी कल्चर को खत्म करने के उद्देश्य से साल 2017 में ही वाहनों पर लाल और नीली बत्ती लगाने के नियमों में बड़ा बदलाव किया था। नए नियमों के तहत केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस को ही विशिष्ट रंग की बत्तियां लगाने की अनुमति है। प्रशासनिक प्रोटोकॉल के तहत जिला कोषालय अधिकारी का पद उन श्रेणियों में कतई नहीं आता, जिन्हें वाहन पर बत्ती लगाने की पात्रता हो। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इस तरह बत्ती का उपयोग करना न केवल पद का दुरुपयोग है बल्कि वीआईपी संस्कृति को बढ़ावा देने जैसा है। बहरहाल जैसे ही विनोद श्रीवास्तव की गाड़ी पर लगी बत्ती का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही एसडीएम, तहसीलदार और आरटीओ के कर्मचारियों ने तुरंत कलेक्टर कार्यालय के पार्किंग में रखी गाड़ी के ऊपर लगी लाल-नीली बत्ती को हटवा दिया। वहीं इस मामले में जिला कोषलय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव का कहना है कि उनको जानकारी नहीं थी, किसीने मिस गाइड किया इसलिए बत्ती लगी हुई थी।

## युवक का आरोप: बिना कारण के की गई मारपीट

# पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, एसपी के पास पहुंचा पीड़ित

छतरपुर।



बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंद्रनगर में एक युवक के साथ अकारण बर्बर मारपीट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों की दबंगई का आलम यह रहा कि घर में घुसकर युवक को इस कदर पीटा गया कि उसका दाहिना हाथ टूट गया। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित राजाराम पुत्र मनप्यारे अहिरवार निवासी ग्राम चंद्रनगर ने बताया कि गत 6 फरवरी 2026 की सुबह करीब 11:30 बजे वह अपने घर पर खाना खा रहा था। इसी दौरान गांव के ही सित्तू अहिरवार और राजेंद्र अहिरवार पिता कल्ला अहिरवार अचानक उसके घर में घुसे और बिना किसी वजह के उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इस हमले में राजाराम का दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया है और सीने सहित पूरे शरीर में गंभीर आंतरिक चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उसने अपना चिकित्सकीय परीक्षणकराया और थाना बमीठा में नामजद शिकायत दर्ज कराई, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी या उनके विरुद्ध सख्त कदम नहीं उठाए गए हैं। पुलिस की इस सुस्ती से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित परिवार दहशत में है। राजाराम अहिरवार ने अब पुलिस अधीक्षक छतरपुर को शिकायती आवेदन सौंपकर मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उसे अपाहिज बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।



## लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**छतरपुर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में द्वितीय जिला न्यायाधीश हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बैंक एवं विद्युत के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण किए जाने हेतु समस्त बैंक प्रबंधक छतरपुर एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण के साथ मंगलवार को ए.डी.आर. सेंटर में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सचिव/न्यायाधीश विष्णु प्रसाद सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र चढ़ार भी उपस्थित रहें। साथ ही एलडीएम एवं विद्युत विभाग के कर्मचारीगण अधिकारीगण उपस्थित रहें। उक्त बैठक में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निपटारा कराये जाने के संबंध में चर्चा की गई।

## भेदभाव मिटाकर ही बनेगा विकसित भारत: डॉ. प्रदीप दुबे

## विराट हिन्दू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता का मंत्र

छतरपुर।







**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत सोमवार को छतरपुर के नौगांव रोड स्थित पेप्टेक टाउन कॉलोनी में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक (महाकौशल प्रांत) डॉ. प्रदीप दुबे, प्रसिद्ध संत योगी सत्यनाथ जी, मातृशक्ति के रूप में राष्ट्रपति सम्मान से पुरस्कृत मध्यप्रदेश की जलसहेली बबीता राजपूत मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई, जिसके बाद पेप्टेक ग्रुप के डायरेक्टर विनय चौरसिया एवं अन्य गणमान्य जनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन निक्की ताम्रकार ने किया।**

सम्मेलन के मुख्य वक्ता, महाकौशल प्रांत के संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू सम्मेलन जनजातीय क्षेत्रों में, वनवासी क्षेत्रों में शहर गांव-गांव में संपन्न हो रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य है हमारा हिन्दू समाज के आत्मगौरव को जागृत करना। आज हिन्दू समाज में जो अश्पृश्यता की बीमारी है जिसने हमारे समाज को घुन की तरह कमजोर किया है उससे हमारे समाज के बचाना, समाज को संगठित करना जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को विकसित भारत मिले। उनको विकासशील भारत मिले, उसके लिए हमको क्या करना होगा? इन समस्याओं के समाधान के लिए संपूर्ण हिन्दू समाज खड़ा हो, संपूर्ण हिन्दू समाज जागरुक हो, उसके लिए यह हिन्दू सम्मेलन हो रहे हैं। इसका कारण भी आप जानते होंगे कि वर्षों से हम पराधीन रहे, अंग्रेजों की गुलामी में हम जकड़े रहे। उन्होंने योजना पूर्वक हिन्दू समाज के आत्मविश्वास को समाप्त किया। उनके मन में भर दिया कि हम लोग अंधविश्वास, अनपढ़ और जाहिल समाज के लोग हैं।

### श्रीराम का चरित्र अपनाएं: योगी सत्यनाथ

वहीं प्रसिद्ध संत योगी सत्यनाथ ने कहा कि हम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को नहीं मानने वाले हैं, हम प्रभु श्रीराम का चित्र लेने वाले हैं लेकिन उनका चरित्र नहीं लेने वाले हैं। जिस दिन हमने श्रीराम के आदर्शों को माना, राम का चरित्र लिया उस दिन हमारा भारत भव्य बनेगा। आप चाहते हैं कि सनातन धर्म सुरक्षित रहे तो हमें श्रीराम के आदर्शों पर चलना होगा। हमें अपने मंत्रों से प्रार्थना से बहुत कुछ सीखना होगा। हम षडयंत्रों में फंस गए, हम आज से नहीं वैदिक काल से षडयंत्रों में फंसे हैं, वैदिक काल में वर्ण व्यवस्था थी परंतु मुगलकाल आने के बाद हिन्दुओं को भेद-भाव में बांटा गया। यदि आप चाहते हैं कि आपका भविष्य सुरक्षित रहे। भगवा हिन्द बने तो भेदभाव मिटाना होगा।

### समरसता भोज के साथ समापन

कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की सामूहिक आरती आयोजित की गई, जिसमें पूरा परिसर वंदे मातरम और जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात आयोजित सामाजिक समरसता भोज में सभी वर्ग के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जो समाज से ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का एक सशक्त संदेश था।

# संकल्प से समाधान शिविर के आवेदनों का निराकरण करें - कमिश्नर

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त विभागीय आवेदन पत्रों के निराकरण के विशेष प्रयास करें। सभी आवेदन पत्रों का निराकरण सुनिश्चित करें। सभी संभागीय नोडल अधिकारी नियमित रूप से शिविरों की निगरानी करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



रीवा।

मैहर तथा मऊगंज जिले में आवेदन पत्रों की संख्या अन्य जिलों की तुलना में कम है। इन जिलों में शिविरों का प्रभावी आयोजन कराएं। क्लस्टर स्तर पर आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए लगाए जाने वाले शिविरों में अधिकतम 30 पंचायतें ही शामिल करें। इन शिविरों के माध्यम से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराएं। शिविरों के दिन और स्थल का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। संभागीय अधिकारी प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान दर्ज विभाग से जुड़े आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। राजस्व, श्रम, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ऊर्जा विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका निराकरण कराएं। बैठक में समाजसेवी संस्था फेम द्वारा आकस्मिक हार्टअटैक पीड़ति की जान बचाने के लिए सीपीआर (कृत्रिम सांस और धड़कन को चलाने के लिए कृत्रिम उपाय) का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने सीपीआर की विधि और उपयोगिता की विस्तार से जानकारी दी। कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आवेदन पत्रों के नॉन अटेंडेड रहने पर जिले और विभाग की रैंकिंग प्रभावित होती है। आवेदन पत्रों में समय पर कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदन पत्रों का 15 मार्च तक शत-प्रतिशत निराकरण कर दें। राजस्व, खाद्य, पीएचई, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग आवेदन पत्रों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि यूरिया खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है। इसका ई टोकन के माध्यम से व्यवस्थित वितरण कराएं। इस सप्ताह भी रीवा और सीधी में खाद की रैक आएगी। खाद के अग्रिम भण्डारण के लिए भी समितियों के पास पर्याप्त खाद उपलब्ध कराएं। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा पशुपालन विभाग अपने मैदानी अमले को सक्रिय करके विभाग की उपलब्धियों को बेहतर करें। महिलाओं तथा शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा समय पर जाँच एवं कुपोषण पर नियंत्रण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर प्रयास करें। विभागीय योजनाओं में समन्वय के लिए संभाग, जिला और विकासखण्ड स्तर पर संयुक्त बैठकें आयोजित करें। कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त संचालक कृषि संभाग के सभी जिलों की वार्षिक कार्ययोजना सात दिवस में तैयार कर प्रस्तुत करें। इसमें प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, खाद्य प्रसंस्करण, फूलों तथा फलों की खेती को बढ़ावा देने एवं जैविक कीट नियंत्रण को शामिल करें। कार्ययोजना के अनुसार सभी जिलों में नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराएं। किसान की आय में वृद्धि के लिए समन्वित खेती तथा पशुपालन और मछलीपालन को शामिल कराएं। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। सभी अधिकारी ई ऑफिस व्यवस्था के माध्यम से ही फाइलों का मूवमेंट करें। मैहर, मऊगंज, सतना और सीधी के जिलाधिकारियों को ई ऑफिस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सचेत करें। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण तथा बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, प्रभारी वन मण्डलाधिकारी नितेन्द्र खण्डेलवाल तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सेफर इंटरनेट डे पर कार्यक्रम आयोजित

**रीवा।** सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर जिला एनआईसी द्वारा संभागीय आईटीआई कॉलेज, रीवा में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार पटेल द्वारा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का सहयोग सराहनीय रहा।

### वनाधिकार दावों के निराकरण के लिए दो दिवसीय विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

**रीवा।** वनाधिकार दावों के निराकरण के लिए 12 और 13 फरवरी को दो दिवसीय विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत लंबित दावों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा द्वारा इस संबंध में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने कहा है कि दो दिवसीय विशेष अभियान के दौरान वनाधिकार के लंबित दावों के निराकरण के लिए 12 और 13 फरवरी को जिले के सभी जनपद पंचायतों के संबंधित ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन अनिवार्य रूप से करें। इन सभाओं में ग्राम वनाधिकार समिति, सरपंच और सचिव की भी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### कमिश्नर ने आम जनता के आवेदनों में की सुनवाई

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने आम जनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में कमिश्नर ने कृष्णा चौधरी के पेंशन प्रकरण, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. संध्या श्रीवास्तव के एरियर्स भुगतान तथा कमलेश कुशवाहा के शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में धनेन्द्र गुप्ता, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेन्द्र सोनी सहित विभिन्न आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में जमीन से अवैध कब्जा हटाने, सीमांकन, भू-अर्जन की राशि तथा उपचार सहायता के प्रकरणों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं - अपर कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित आयोजित की गई। बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि, होली, ईदुलफितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती के त्योहार मनाए जाएंगे। महाशिवरात्रि पर शिव बारात और शोभा यात्रा निकालने का कार्यक्रम है। इसके साथ-साथ गोविंदगढ़ में उर्स का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्योहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्योहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। त्योहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं। इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### कई राष्ट्रीय न्यायाधिकरणों को मिली स्वीकृति

**रीवा।** रीवा के ऐतिहासिक पुराने न्यायालय भवन में एक बार फिर न्यायिक गतिविधियां शुरू होने जा रही हैं। इस संबंध में मंगलवार जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने आधिकारिक पुष्टि की। लंबे समय से विभिन्न न्यायालयों की स्थापना को लेकर चली आ रही मांग अब साकार होती नजर आ रही है, जिससे पूरे विंध्य क्षेत्र के अधिवक्ताओं और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा के पुराने न्यायालय भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल तथा राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम सहित अन्य न्यायिक संस्थानों के संचालन को स्वीकृति मिल चुकी है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बताया कि इसके लिए अधिवक्ता संघ द्वारा 4 मई 2025 को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था।

## सीपीआर का सही उपयोग किसी की जान बचा सकता है - कमिश्नर

### संभागीय बैठक में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि हार्ट के अचानक काम करना बंद कर देने के कारण व्यक्ति अचेत हो जाता है। ऐसी स्थिति में सीपीआर की तत्काल सहायता मिलने पर उसके प्राण बचाए जा सकते हैं। हर व्यक्ति को कृत्रिम सांस और हृदय को पुनः शुरू करने की तकनीक सीपीआर की पूरी जानकारी और उपयोग करने की विधि मालूम रहनी चाहिए। आपकी जानकारी और तत्परता से किया गया सीपीआर किसी की जान बचा सकता है। हर व्यक्ति को सीपीआर प्रशिक्षण लेकर उसका आवश्यता होने पर उपयोग करना चाहिए। स्वयंसेवी संस्था फेम ने सीपीआर की जानकारी देकर सराहनीय कार्य किया है। बैठक में फेम संस्था की प्रशिक्षक डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक हार्टअटैक होता है तो एंबुलेंस अथवा अन्य मेडिकल सुविधा उपलब्ध होने तक उसकी जान बचाने के प्रयास करने चाहिए। हार्टअटैक होने से पाँच मिनट के भीतर सीपीआर की सुविधा मिलने से पीड़ति व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। यदि किसी व्यक्ति को हार्टअटैक होता है और उसका शरीर शिथिल पड़ जाए तो उसे जमीन पर खुले में सीधा लिटायें। उसके कंधों को थपथपाकर सांस चलने और धड़कन चलने की जाँच करें। यदि व्यक्ति बेहोश है तो उसकी सांस और धड़कन चलेगी। लेकिन हार्टअटैक में अचेत होने पर सांस और धड़कन टूट जाती है। पीड़ति व्यक्ति के सीने के मध्य भाग में दोनों हाथों से एक मिनट में सौ से 120 बार दबाना होता है। लगभग दो इंच दबाना और छोड़ना आवश्यक है। पीड़ति के सीने को 30 बार दबाने के बाद उसे दो बार नाक बंद करके मुंह से कृत्रिम सांस दें। ऐसा करने से शरीर को ऑक्सीजन मिलता है। सीने को लगातार दबाने से हृदय काम करना शुरू कर देता है। हृदय काम करना न भी शुरू करे तो भी मस्तिष्क तथा शरीर के अन्य भागों में रक्त संचार होने लगता है। इससे व्यक्ति में चेतना लौटने लगती है। हार्टअटैक के पाँच से दस मिनट के भीतर सही तरीके से सीपीआर मिलने से पीड़ति की जान बचाई जा सकती है।

### कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही के दिये गये निर्देश

## जनसुनवाई में की गई 66 आवेदकों की सुनवाई

रीवा।



प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में 66 आवेदकों की समस्यायें सुनीं गई। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्राप्त आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में महसांव निवासी प्रेमलाल चौरसिया ने बिजली के करंट से अपने परिजन की मृत्यु पर आर्थिक सहायता प्रदान करने का आवेदन दिया कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। रूपौली निवासी चन्द्रकांत द्विवेदी के बेदखली के आदेश का पालन कराने तथा अपरवार निवासी श्यामबिहारी मिश्रा के सड़क निर्माण कराने के आवेदनों को तहसीलदार जवा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार तीरथ प्रसाद पाण्डेय लौवा लक्ष्मणपुर के स्थगन के साथ भूमियों के विभाजन का कार्यवाही करने के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को, लेखधारी तिवारी डढ़िया के रास्ता निर्माण कराने के आवेदन पर तहसीलदार सेमरिया को कार्यवाही के निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान विनोद रजक चिकान टोला रीवा ने भूमि स्थगन की जांच का आवेदन दिया जिसे नजूल अधिकारी को, धनेश सोनकर गाढ़ा 138 के अधूरी सड़क व पुल के निर्माण के आवेदन पर अधीक्षण यंत्री पीडब्ल्यूडी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी क्रम में फूलचन्द्र साकेत गोविंदगढ़ को तथा अरूण कुमार त्रिपाठी उर्रहट के मुख्य नाली की सफाई न होने से घर में पानी भरने की शिकायत पर आयुक्त नगर निगम को समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## पुलिस लाइन कॉलोनी में चोरी, दो आरक्षकों की बाइक उड़ा ले गए नकाबपोश बदमाश

रीवा।



जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब आमजन की सुरक्षा करने वाली पुलिस भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात बेखौफ बदमाशों ने शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन कॉलोनी में धावा बोलते हुए दो पुलिसकर्मियों की मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिसमें चार नकाबपोश बदमाश नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस लाइन कॉलोनी में सरकारी आवास में रहने वाले आरक्षक विक्रम वर्मा और उनके पड़ोसी आरक्षक पंकज मिश्रा के घर के बाहर खड़ी दो अपाचे मोटरसाइकिलों को अज्ञात चोर रात करीब 1:30 बजे चोरी कर ले गए। सुबह जब पुलिसकर्मियों ने अपने घरों के बाहर बाइक नहीं देखी तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल मामले की सूचना बिछिया थाने को दी गई।पुलिस लाइन जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली जगह में चोरी की इस घटना ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं,सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चार बदमाश चेहरे पर नकाब बांधे हुए कॉलोनी में दाखिल होते हैं और कुछ ही मिनटों में बाइक चोरी कर फरार हो जाते हैं।पीड़ित पुलिसकर्मियों की शिकायत पर बिछिया थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। थाने की पुलिस के साथ-साथ स्वयं पीड़ित आरक्षक भी अपने स्तर पर बदमाशों का सुराग जुटाने में लगे हुए हैं। पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि पुलिस लाइन कॉलोनी में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार यहां रहने वाले पुलिसकर्मियों के आवासों को चोर निशाना बना चुके हैं। इसके बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होना, पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## जिले से चोरी गया पिकअप प्रयागराज में मिला, चोरों ने बदल दी वाहन की सूरत, बना दिया डीजे वाहन, सोहागी पुलिस ने किया बरामद

रीवा।



जिले से दो माह पूर्व चोरी गया पिकअप वाहन पुलिस ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से बरामद किया है। चोरों ने वाहन चोरी करने के बाद उसके नंबर प्लेट से लेकर उसकी पूरी बॉडी को बदलकर डीजे वाहन के रूप में बदल दिया था। बता दे पुलिस ने इस वाहन को ना सिर्फ बरामद कर लिया बल्कि डीजे चलाने वाले एक आरोपी को भी गिरफ़्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार बताया गया। सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला बताया कि ग्राम चिल्ला निवासी लालचंद गुप्ता ने 29 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी की उनके घर के बाहर खड़ी पिकअप वाहन को अज्ञात चोरो ने पार कर दिया है। मामले मे पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर पता तलाश की गई, इस बीच मुखबिर की सूचना पर चोरी गए वाहन को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया की रीवा से चोरी किए गए वाहन की पहचान छिपाने उसे पूरी तरह से बदलकर प्रयागराज में डीजे वाहन के रूप में उपयोग किया जा रहा था, डीजे वाहन को जब पकड़ा गया तो वह चोरी का निकला जिसे जप्त कर अमित निषाद नामक व्यक्ति को पकड़ा गया जो चोरी के वाहन को डीजे वाहन के रूप में उपयोग कर रहा था। जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी फिलहाल पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।




## मऊगंज में बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं एसडीओपी श्रीमती सची पाठक के सहयोग से श्रम विभाग द्वारा मऊगंज बाजार क्षेत्र में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान श्रम निरीक्षक सुशील कुमार एवं अंकुर यादव के मार्गदर्शन में थाना मऊगंज से उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी मऊगंज–रीवा के समन्वयक सुमित सिंह एवं सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी के साथ आशीष कुमार शुक्ला की उपस्थिति में होटलों, गैराजों एवं कंस्ट्रक्शन स्थलों पर उपस्थित हो कर जन जागरण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान नियोजकों को बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर रुपये 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक की जेल अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बाल एवं कुमार श्रमिकों के नियोजन के संभावित स्थलों पर कार्यरत किशोर श्रमिकों को विमुक्त कराते हुए संबंधित व्यापारियों को समझाइश दी गई।व्यापारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में बाल अथवा किशोर श्रमिक कार्य करते पाए गए, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यापारी की होगी एवं उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मऊगंज में जिला स्तरीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं मेडिकल शिविर का हुआ आयोजन

मऊगंज



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता, स्क्रीनिंग एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमदत्त पांडे द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए निरंतर जागरूक रहना चाहिए तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है।शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय मऊगंज से उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के नोडल एवं क्रीड़ा अधिकारी बृजकांत साकेत द्वारा पूर्व में ही विद्यार्थियों को शिविर की जानकारी दी गई थी, जिसमे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा स्वास्थ्य रिकॉर्ड संधारित किया गया। शिविर का लाभ महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी लिया।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पद्मुमन शुक्ला, मेडिकल ऑफिसर डॉ. पुष्पेंद्र मिश्रा, डॉ. रुबी श्रीवास्तव, श्री अब्दुल कादिर, डॉ. रामद्वारा साकेत, श्री संदीप सिंह, श्रीमती अलका मिश्रा, सुरुचि आंचल मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं महाविद्यालय की ओर से सहायक प्राध्यापक डॉ. रामनिवास पटेल, सुश्री रूपाली उपाध्याय एवं सुश्री अनीशा मिश्रा ने पंजीयन एवं आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्राचार्य सहित प्रशासनिक अधिकारी डॉ. विवेक पटेल, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं कर्मचारियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया गया कि भविष्य में पूर्व निर्धारित तिथियों पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे महाविद्यालय के लगभग 6000 विद्यार्थियों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।